दिनांक-3फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ली स्वच्छता की महत्वपूर्ण बैठक , स्वच्छता के पैरामीटर्स को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के दिए निर्देश

भिलाईनगर/ स्वच्छता के मापदंडों पर खरा उतरने के लिए आज आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निगम सभागार में जोन आयुक्त, समस्त विभाग प्रमुख, कार्यपालन अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली! स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत निगम प्रशासन स्टार रेटिंग एवं वाटर प्लस पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर रहा है, ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक अंक प्राप्त किया जा सके। नालियों में कचरा को रोकने के लिए तथा सीधे जल स्रोतों में कचरा न मिले इसके लिए नालियों में जालियां लगाने का कार्य जारी है तथा जीवीपी पाइंट को और बेहतर बनाने के लिए फेंसिंग व सौंदर्यीकरण करने का कार्य किया गया है। निगम क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उददेश्य से दीवारों पर रंग रोगन कर चित्रों व स्लोगन के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। मार्केट क्षेत्र में सुबह व रात्रि दोनों पालियों में सफाई व कचरा कलेक्शन कार्य जारी है! मुख्य सड़कों सहित गली मोहल्लों की सफाई व प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने झिल्ली , पन्नी, प्लास्टिक के कचरा का उठाव किया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम पायदान पर आने नगर पालिक निगम भिलाई अथक प्रयास कर रहा है। सुबह एवं रात्रिकालीन सफाई कार्यों की माॅनिटरिंग विभागीय अधिकारी कर रहे है।

जनसम्पर्क अधिकारी